मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक120 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 16 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

भाजपा ने मंदिरों में प्रारंभ किया सफाई अभियान

सिवनी यशो:- दिवाली के पहले जिस तरह से लोग घरों में साफ सफाई

मठ मंदिर, माता दिवाला एवं कृष्ण मंदिर से भाजपा जिलाध्यक्ष एवं सिवनी विधायक ने प्रारंभ किया अभियान

करते हैं, ठीक उसी तर्ज पर भारतीय जनता पार्टी ने 14 जनवरी से 21 जनवरी तक जिले के हर मठों और मंदिरों में सफाई अभियान चलाया है भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे एवं सिवनी विधायक दिनेश राय सहित भाजपा के अनेक जिला पदाधिकारियों ने सिवनी नगर के दक्षिण मंडल से अभियान की शुरूवात की । इसी तरह जिले के हर ग्राम ग्राम तक मंदिरों में भाजपा के कार्यकर्त्ता समाज के साथ मिलकर मंदिर की सफाई और साज सज्जा का व्यापक अभियान चलाकर अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य और दिव्य बनाने के लिये पूरे उत्साह से जुटे हुये है । रविवार 14 जनवरी को भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे एवं सिवनी सहित अनेक जिला पदाधिकारियों ने दक्षिण मंडल के अध्यक्ष अभिषेक दुबे एवं मंडल के कार्यकर्त्ताओं के साथ मिलकर सिवनी नगर में जगदुरू शंकराचार्य द्वारा स्थापित मठ मंदिर, नगर देवी के माता दिवाला मंदिर एवं भगवान श्रीकृष्ण के कृष्ण मंदिर में स्वच्छता का अभियान प्रारंभ किया और मंदिरों की साफ सफाई की । भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कार्यकर्त्ताओं में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर व्यापक उत्साह है दरअसल 5 सौ साल के लंबे इंतजार के बाद 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, और इस दिन बीजेपी पूरे देश में दिवाली मनाने की तैयारी कर रही है।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि 14 जनवरी से 21 जनवरी तक चलने वाले मंदिरों के इस सफाई अभियान के तहत सिवनी जिले के प्रत्येक मंदिर में सफाई अभियान से पहले भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दुबे एवं सिवना विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मठ मंदिर, माता दिवाला मंदिर एवं कृष्ण मंदिर के बाहरी परिसर में झाड़ू लगाई और कचरा उठाकर सफाई की। वहीं मंदिर के अंदर के परिसर की धुलाई की। इसी तरह का सफाई अभियान जिले के अन्य क्षेत्रों में भी प्रारंभ हो चुका है भाजपा के सभी कार्यकर्त्ता और रामभक्त इस अभियान में बढ़चढ़कर भाग ले रहे है । सिवनी उत्तर मंडल के अध्यक्ष संजय सोनी ने बताया कि उत्तर मंडल के मंदिरों में सफाई अभियान सोमवार से प्रारंभ होगा ।

भाजपा के कार्यकर्त्ता जन जन के साथ मिलकर मंदिरों की सफाई के साथ हर परिवारों से आग्रह कर रहे है कि 22 जनवरी को पूरे देश को अयोध्या जैसा ही सजाना है हर घर में दीपोत्सव मनाया जायेगा दीपमालिकाओं से मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर दिवाली मनायी जायेगी ।

रविवार को मठ मंदिर से प्रारंभ सफाई अभियान में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उइके, अभिषेक दुबे, राजू यादव, संतोष नगपुरे, आशीष सोनी, बाबा पांडे,दिनेश चौकसे , गोलू पार्षद , अनिल कश्यप , ऋषभ चौरसिया , अजय गहलोत, आदि सभी राम भक्तो के साथ मंदिर के साफ सफाई एवं प्रांगण को साफ कर आशीष लिया और अन्य जन मानस को राम लला के अयोध्या में विराजमान होने का न्यौता दिया ।।

उत्तर मंडल के कार्यक्रम में शामिल हुये सांसद, विधायक एवं जिला कले टर

सिवनी यशो:- अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता अपने अपने क्षेत्रों में स्थित देव स्थानों की साफ सफाई करने का अभियान प्रारंभ किये हुये है इसी कड़ी में सोमवार को 15 जनवरी को सिवनी भाजपा नगर उत्तर मंडल के द्वारा शुक्रवारी चौक राम मंदिर काली चौक काली मंदिर एवं बालरूप हनुमान मंदिर में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा साफ सफाई एवं मंदिर धुलाई अभियान चलाया गया। उपरोक्त देव स्थानों में चले सफाई अभियान के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे,

सिवनी बालाघाट सांसद ढाल सिंह बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, जिला कले टर क्षितिज सिंगल, एस.डी.एम मेघा शर्मा, अपर कले टर पूर्वी तिवारी, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, ज्ञान चंद सनोडिया, लालू राय, दीपक नगपुरे , जिला महामंत्री गजानन पंचेश्वर, अजय डागोरिया, संतोष नगपुरे, विनोद सोनी नगर उत्तर मंडल अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम बघेल, नगर महामंत्री अनूप मिश्रा, तरूण करोसिया, अजय बाबा पांडे, अलकेश रजक, अनिल पटवा प्रशांत शु ला,अखिलेश पांडे,राजेन्द्र टेलर, मूलचंद तिवारी, राजेश पल, राज नाविक, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मयूर दुबे, नगर अध्यक्ष धुनेश कुल्हाडे, राहुल करें, निलेश देसवाल, नितिन, नेहा सेन ,अंजू दीदी, ज्योति राजपूत , स्वेता मिश्रा, बब्लू पटेल,नितिन तिवंत, नीलेश जैसवाल, जय श्रीवास्तव, रामेश्वर नामदेव,राहुल सैनी, मनोज नामदेव, नेंद्र ठाकुर, उदित सिंह ठाकुर , रविशंकर भांगरे, नगर महामंत्री अजजा मोर्चा आलोक राज, अंकित ठाकुर एवं समस्त पदाधिकारी शामिल हुए।

21 जनवरी को विशाल वाहन रैली का होगा नगर में आयोजन

सिवनी यशो:-वर्षों बाद आयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर में राम लला की मूर्ति की विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को होगी। इस आयोजन को लेकर पूरे भारत के साथ संपूर्ण जिले व नगर के हिंदुओं में जोश व उत्साह का माहौल बना हुआ है। पहले ही नगर के मंदिरों में प्रभात फेरी निकाल कर राम धुन गायी जा रही है वही हिन्दुओ को घर घर प्राण प्रतिष्ठ समारोह में शामिल होने के आमंत्रण पत्र व पीले चावल दिए जा रहे है।

इसी अवसर को भव्य रूप देने के लिये आगामी 21 जनवरी को जिला मु यालय में सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में विशाल वाहन रैली का आयोजन होगा, सोमवार 15 जनवरी को होटल हर्ष इन मे एक बैठक का आयोजन हुआ जहां निर्णय लिया गया कि वाहन रैली 21 जनवरी की दोपहर 1 बजे बड़े मिशन स्कूल मैदान से आरंभ होकर नगर भ्रमण कर पुनः वही समाप्त होगी। बैठक में पूरे नगर में भगवा तोरण, झंडे, कट आउट आदि लगाकर नगर भगवामय करने के लिये विभिन्न महिला, पुरूषों व युवाओ को अलग अलग जवाबदारिया दी गई है ताकि रैली भव्य रूप में आयोजित हो। सकल हिन्दू समाज ने इस रैली में सभी युवाओ ,धार्मिक व सामाजिक संगठनो,अखाड़ो, मन्दिर समितियों व आम नागरिकों व मातृ शक्तियों से शामिल होने की अपील की है।

फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प के साथ भाजपा ने दीवार लेखन अभियान का किया श्रीगणेश

सिवनी यशो:- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने 15 जनवरी से देश भर में दीवार लेखन अभियान शुरू किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी ने सोमवार नई दिल्ली से एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल में शिवाजी नगर के वार्ड क्रमांक 45, बूथ क्रमांक 159 से मध्यप्रदेश में दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ किया। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने जिला भाजपा कार्यालय के एवं आस पास के क्षेत्रों की दीवार में अपने हाथ से पार्टी का चुनाव चिन्ह क मल फू ल निशान बनाकर अभियान की शुरुवात की इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष दुबे ने ''एक बार फिर से मोदी सरकार'' स्लोगन लिखा। इसके पश्चात् जिले के सभी मंडलो में दीवार लेखन अभियान प्रारंभ किया गया ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने बताया कि दीवार लेखन के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के आह्वान पर आज से ◦एक बार फिर से मोदी सरकार◦ संकल्प के साथ देश भर में दीवार लेखन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी अभियान के अंतर्गत सभी कार्यकर्तागण 2024 में ◦एक बार फिर से मोदी सरकार◦ संकल्प के साथ इस अभियान में सहभागी हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी प्रत्येक बूथ पर मु यमंत्री से लेकर जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण दीवार लेखन अभियान में सहभागी होकर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ◦एक बार फिर से मोदी सरकार◦ बनाने के संकल्प की सिद्धी के लिए जुट रहे हैं।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष वेद सिंह ठाकुर, प्रेम तिवारी, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती पार्वती जघेला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लालू राय, जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, अजय डागोरिया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष युवाराज सिंह रहंगडाले,उत्तर मंडल अध्यक्ष संजय सोनी, दीपक कांबले, सुरेश भांगरे, राज ठाकुर, समीर अग्रवाल, गावें जी,अलकेश रजक सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

हर पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाये - दिनेश राय

सिवनी यशो:- सोमवार 15 जनवरी को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के मु य आतिथ्य मे परासिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम किया गया। सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम परासिया मे पहुंची केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन - जन तक पहुंचाने के लिए प्रार भ की गयी विकसित संकल्प यात्रा का कार्यक्रम विधायक श्री राय के मु य आतिथ्य मे किया गया। जहां पर आपने मां सरस्वती जी का पूजन कर कार्यक्रम आरंभ कराया। तदोपरांत विधायक श्री राय का तिलक कर फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान श्री राय द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई।

श्री राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार देश के हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान देखना चाहती है और हर परिवार विकास की मु यधारा से जुड़कर देश के विकास में भागीदार हो इसके लिये केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ प्रारंभ की है और जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को प्राप्त हो इसके लिये निर्धारित मापदंडों के अनुरूप प्रक्रिया होती है परंतु अनेक व्यक्ति पात्र होते हुये भी प्रक्रियाओं को पूर्ण नहीं कर पाते उन सारी समस्याओं के निराकरण के लिये सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा आपके गांव तक पहुँचाने का अभियान चलाया है और इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी को उनकी पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ देने के लिये संबंधित सक्षम अधिकारी कर्मचारी यात्रा में चल रहे है । पात्र व्यक्तियों की मदद के लिये हमारे कार्यकर्त्ता भी यथा संभव सहयोग के लिये लगे हुये । श्री राय ने कहा कि इस यात्रा के दौरान अधिकारी कर्मचारी योजनाओं के लाभ देने के साथ ही विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी और जागरूकता के संदेश भी दे रहे है । इस यात्रा में किसानों को फसल की पैदावार बढ़ाने और कृषि संबंधी उपयोगी जानकारी भी दी जा रही है । स्वच्छत, स्वास्थ्य , शिक्षा आदि के संबंध में उपयोगी जानकारी भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रदान की जा रही है । श्री राय ने उपस्थित ग्रामीणों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पात्र व्यक्तियों से चर्चा भी की और अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी पात्र व्यक्तियों को उन से संबंधित योजनाओं का लाभ शीघ्र प्राप्त हो यह सुनिश्चित किया जाये । विधायक के साथ भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के लिए विशेष मेडिकल बोर्ड 17, 18 एवं 19 जनवरी को

सिवनी यशो:- सिविल सर्जन सह-मु य अस्पताल अधीक्षक सिवनी द्वारा जानकारी दी गई की संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं भोपाल के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय सिवनी में 17 जनवरी 2024 से 19 जनवरी 2024 तक म.प्र.लोक सेवा आयोग के चयनित अ यर्थियों का मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र बनाया जायेगा। विशेष मेडिकल बोर्ड में अन्य विभागों में चयनित अ यर्थियों क भी मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा। चयनित अ यर्थी इन विशेष मेडिकल बोर्ड से अपना फिटनेस प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं।

दिन दहाडे सोने चांदी के जेवर सहित नगदी उड़ा ले गये चोर

लखनादौन यशो:- नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं आए दिन लगातर कई घटनाएं सामने आई हैं जिससी अभी तक तफतीस जारी हैं। लखनादौन के विनोबा भावे वार्ड क्र. 05 से बापपास से सटे अनिल चौरसिया के मकान में दिन दहाडे चोरी हो गई जिसमें चोरों द्वारा सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी भी अज्ञात चोर ले उडे। ज्ञात हो कि घटना 5 से 6 बजे के बीच हैं जब अनिल अपने परिवार के साथ अपने पुत्तैनी घर समनापुर गये हुये थे उसी बीच मौका पाकर अज्ञात चोरों ने घर पर धावा बोल दिया और घर का ताला तोडकर अंदर रखी आलमारी का भी ताला तोडकर नगदी और सोने चांदी के जेवर चुराकर ले गये। मकान मालिक के वापस आने पर उन्हे सिर्फ दरवाजे पर चटकनी लगी हुई मिली तो उन्हें शंका हुई अंदर जाने के बाद देखा की आलमारी खाली पडी हैं और उसमें रखे कपडे तितर बितर बिखरे पडे हैं। अनिल चौरसिया के अनुसार चोरों द्वारा उनकी एक फाइल भी ले गये जिसमें एटीएम कार्ड पासबुक व अन्य दस्तावेज रखे हुये थे। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज मामले की जांच की जा रही हैं वहीं रविवार को एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची ओर घटनास्थल से फिंगर प्रिंट उठाये।

जबरन नॉलेज

बलात्कारी को 20 वर्ष की सजा

सिवनी यशो:- नाबालिक पीड़िता उम्र 15 वर्ष 7 माह के साथ संजू यादव पिता भूरा लाल यादव उम्र 21 वर्ष निवासी पिपरदौन ने जान पहचान का फायदा उठाते हुए जबरदस्ती दिनांक 3 /6 /2022 को गलत काम किया जिसकी रिपोर्ट पीड़िता ने थाना केवलारी में दर्ज करवाई थी।

केवलारी पुलिस ने अपराध क्रमांक 355/22 धारा ,373(3),506, भादवि, धारा 3,4, पॉ सो ऐ ट, के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के उपरान्त अभियोग पत्र माननीय विशेष पॉ सो कोर्ट मे प्रस्तुत किया।

शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी सिवनी, ने गवाह एव सबूत माननीय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किये, तथा अंतिम तर्क के समय विशेष लोक अभियोजक ने कोर्ट मे बताया कि पीड़िता एक 15 वर्ष की नाबालिग बच्ची है जिसकी सोचने समझने की छमता विकसित नही हुई है।

आरोपी के कृत्य से उसके कोमल मन मस्तिष्क मैं बुरा प्रभाव पड़ा है, अभियोजन के तर्क से सहमत होते हुए माननीय पॉ सो कोर्ट ने आरोपी संजू यादव को दिनांक 12/01/24 को धारा 376(3)भादवि मैं 20 वर्ष की सजा एवम 2 हजार रुपये जुर्माना,धारा 3,4पॉ सो ऐ ट मैं 20 वर्ष की कठोर सजा एवं 2 हजार रु जुर्माना, से दंडित किया है तथा 1 लाख रू प्रतिकर राशि पीड़ित को देने का आदेश पारित किया हैं।। प्रदीप कुमार भौरे, मीडिया सेल प्रभारी/ सहा जिला लोक अभियोजन अधिकारी सिवनी।◦

न्यास की बैठक चित्रकूट में 16 को, सीएम समेत 33 न्यासी शामिल होंगे

भोपाल। मध्य प्रदेश के चित्रकूट में श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास की 16 जनवरी को बड़ी बैठक बुलाई गई है। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठ कार्यक्रम होना है।। इससे पहले न्यास की बैठक को अहम माना जा रहा है। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा होने की बात कही जा रही है। इसमें न्यास से संबंधित कामों के साथ ही घाटों के विकास कार्यों की डीपीआर पर प्रजेंटेशन, गुरुकुल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के प्रस्ताव का भी प्रस्तुतिकरण होगा। बैठक में कामों को लेकर सुझाव और आगामी योजना पर भी मंथन होगा।

न्यास के यह है काम - श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास के अध्यक्ष मु यमंत्री है। न्यास में 33 सदस्य है, जिसमें 28 पदेन न्यासी सदस्य है। न्यास का काम केंद्र सरकार की तरफ से प्रदेश में चिह्नित श्री रामवन गमन पथ के 23 स्थलों का विकास करना रहेगा। उनके जोड़ने वाले रास्ते को सुगम और सुविधाजनक बनाना। वहां पर पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यात्री सुविधाओं का विकास करना और उनका संचालन करना।

प्रदेश में यह स्थल चिह्नित- मध्य प्रदेश में राम वन गमन पथ चित्रकूट से अमरकंटक तक 370 किलोमीटर है। यहां भगवान राम वनवास के दौरान 11 साल 11 महीने और 11 दिन का समय गुजारा। वन जिस रास्ते से गुजरे उसे राम वन गमन पथ कहा जाता है। प्रदेश में सतना, पन्ना, कटनी, जबलपुर, नर्मदापुरम, अमरिया, शहडोल और अनूपपुर जिले के स्थलों को चिह्नित किया गया है। इसमें स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, अत्रि आश्रम, शरभंग आश्रम, अधमुनि आश्रम, सुतीक्ष्ण आश्रम, सिद्धा पहाड़, सीता रसोई, रामसेल, राम जानकी मंदिर, बृहत्पति कुंड, अग्निशिह्न आश्रम, अगस्त्य आश्रम, शिव मंदिर, रामघाट, श्रीराम मंदिर, मार्कण्डेय आश्रम, दशरथ घाट, सीता मढ़ी शामिल है।

अपनी पंजाबी स यता का रंगीन पर्व है लोहड़ी

गीत धीर

लोहड़ी एक प्रमुख पंजाबी त्योहार है जो पंजाब और हिन्दुस्तान के लगभग सभी प्रान्तों मध्यभारत, महाराष्ट्र, दिल्ली आदि के लोगों के लिए खास महत्व रखता है। यह त्योहार सर्दियों के मौसम में के जाते समय याने की 13 जनवरी को मनाया जाता है और इसे आग और धमाल से भरी धूमधाम से मनाया जाता है। लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति के एक दिन पहले मनाया जाता है और इसे सूर्य की प्रसन्नता और फसलों की फसल का त्योहार माना जाता है।

लोहड़ी का मु य उद्देश्य फसलों की खुशहाली और खुशियों को साझा करना होता है। इस हरदी माता की कृपा का प्रतीक माना जाता है और लोग इस त्योहार के दौरान धन, समृद्धि और सुख-शांति की प्रार्थना करते हैं।

लोहड़ी की शुरुआत धुंधली धुंध में होती है, जब लोग एक साथ आग के चारों ओर बैठकर गाते हैं, नाचते हैं और खुशियों का जश्न मनाते हैं। लोग आग के चारों ओर पूजनीया के मक्का (पॉपकॉर्न), गुड़, मूंगफली आदि को डालते हैं और इसे जलाते हैं। इस रस्म को %लोहड़ी माता की आग% कहा जाता है। लोग एक-दूसरे को गुड़ और गाजक, तिल के लड्डू भेंट करते हैं और एक-दूसरे को बधाई देते हैं।

इस त्योहार के मनाने के पीछे कई प्राचीन कथाएं और मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। एक कथा के अनुसार, राजा दहेनु महाराज ने अपने पुत्र कुला और गुला को अंधविश्वास में बाढ़ से बचाने के लिए उन्हें बहावे के टूंग बहने के लिए छोड़ दिया था। उनके साथ संगठित भक्तों ने प्रार्थना की और धूप-चावल लेकर आग लगाई। इससे उन्हें बाढ़ से बचाया गया और उनके बचने के बाद लोग इसे लोहड़ी के त्योहार के रूप में मनाते हैं।

लोहड़ी के त्योहार में विशेष रूप से पंजाबी और सिन्धी लोगों के साथ साथ सभी वर्ग समुध्याय विशेष के हिन्दुस्तानी बड़े ही उत्साह से इसे मनाते हैं। लोग खुले मैदानों, अपने घरो के आँगन में, घरो की छतो में बैठकर अपनी बानी-गीत गाते हैं, नाचते हैं और हर्ष उल्हास के साथ धमाल करते हैं। यह त्योहार एक साथीत मिलने और खुशियों को साझा करने का अवसर भी प्रदान करता है।

लोहड़ी का त्योहार भारतीय समृद्धि और विविधता का

मान्यता है कि जब प्रकृति माँ धरती पर अपनी विशेष कृपा बरसाती है, तो इसका शुभ संकेत होता है। जब फसलें प्रसन्नता से उगती हैं और खेतों में हरियाली बिखर जाती है, तो उस समय किसान और लोगों के दिलों में खुशी की लहर उमड़ती है। ऐसी खुशी का पर्व है %लोहड़ी%

जो पंजाबी सिंधी समाज के साथ साथ हिन्दुस्तानियों में एक बड़ा और उत्सवपूर्ण त्योहार माना जाता है। लोहड़ी के त्योहार में सभी लोग एकत्र होते हैं, जो भव्य और रंगीन ढंग से मनाया जाता है। इसे अग्नि पूजा के रूप में माना जाता है। इस अग्नि को लोहड़ी माता की आग कहा जाता है। लोग इसमें तिल, गुड़, गजक, मूंगफली आदि डालते हैं और इसे जलाते हैं। इसके साथ ही, बच्चे धूप-मक्का खाकर अपने गुरूजी भगवन को धन्यवाद करते है ।

लोहड़ी का त्योहार प्रत्येक वर्ष खास धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार हिन्दुस्तान की सांस्कृतिक धरोहर है का प्रतीत है और इसे बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है। इस त्योहार के दौरान दोस्तों और परिवार के संग समय बिताना बहुत ही खास होता है।

लोहड़ी का त्योहार भारतीय समृद्धि और विविधता का प्रतीक है। यह एक तरह से समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, यह त्योहार एकता की भावना को उजागर करता है और लोगों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

लोहड़ी के त्योहार का अपना एक अलग ही महत्त्व है, जो समृद्धि, खुशहाली और एकता का प्रतीक होता है। इसे मनाकर लोग नई ऊर्जा से भर जाते हैं और नए संकल्प लेते हैं। इसे मनाकर समाज में सौहार्द और समरसता का संदेश फैलाया जाता है।

जेलों का सतत निरीक्षण करें और बंदियों के पुर्नवास की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं - मु यमंत्री डॉ. यादव

मॉस विक्रेताओं और डीजे वालों के लिए वैकल्पिक व्यस्थाएं सुनिश्चित कराएं मु यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल में संभाग स्तरीय बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा की

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कले टरों को निर्देश दि कि वे जेलों का सतत निरीक्षण करें और जेलों में अच्छी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। जेलों में बंद बंदियों के पुनर्वास की व्यवस्था कराएं तथा आवश्यक होने पर उन्हें विधिक सहायता भी मुहैया कराएं। मु यमंत्री ने निर्देशित किया है कि लगातार अपराध करने वाले अपराधियों के विरूद्ध स त कार्रवाई हो। मु यमंत्री डॉ. यादव आज संभागीय मु यालय शहडोल में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में खुले में अवैध रूप से मॉस के विक्रय पर प्रतिबंध के प्रयासों की समीक्षा करते हुए मु यमंत्री ने कहा कि नगर पालिकाएं मॉस बेचने वालों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं कराएं तथा मॉस बेचने के लिए उन्हें सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराएं। मु यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि डीजे वालों का रोजगार प्रभावित न हो इसके भी प्रयास किये जाएं। बैठक में एडीजीपी श्री डी.सी. सागर ने शहडोल संभाग में बेहतर कानून व्यवस्था कायम करने के लिए किए गए नवाचारों की जानकारी दी।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कले टर विभागों का औचक निरीक्षण करें तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि औचक निरीक्षण के दौरान किसी को अनावश्यक परेशान न करें बल्कि अधिकारियों और कर्मचारियों को सकारात्मक और परिणाम मूलक कार्य करने के लिए प्रेरित करें। मु यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य दूर-दराज के क्षेत्रों में अपराधों को रोकने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि आम लोगों के मन से पुलिस का डर निकलना चाहिए, इस दिशा में पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी सकारात्मक प्रयास करें। युवाओं से मिलकर सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें।

बैठक में मंत्री कुंवर विजय शाह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटरे एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री दिलीप जायसवाल, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक श्री जयसिंह मरावी, सुश्री मीना सिंह, सुश्री मनीषा सिंह, श्री शिव नारायण सिंह श्री शरद कोल, अपर मु य सचिव श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव मु यमंत्री श्री राघवेन्द्र सिंह, कमिश्नर श्री गोपालचंद्र डाड, वन संरक्षक शहडोल श्री लखन सिंह उईके सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव ऐसे मनायें कि हर घर अयोध्या धाम बन जाये

अक्षत कलश यात्रा में खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री राजपूत ने की नागरिकों से अपील

भोपाल । अयोध्या नगर में प्रभु श्री राम जी के भव्य मंदिर निर्माण के बाद प्राण-प्रतिष्ठ का कार्यक्रम पंडितों और विद्वानजनों की उपस्थिति में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को किया जाना है। इसी के तहत खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत सुरखी के ग्राम उमरारी में आयोजित अक्षत कलश यात्रा में शामिल हुये। ग्रामवासियों को अक्षत देकर 22 जनवरी को अपने घर में दीप जलाने का आवाहन किया। श्री राजपूत ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि 500 वर्षों से जिस पल का हम इंतजार कर रहे थे वह 22 जनवरी को पूरा होने जा रहा है। हमारे आराध्य प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठ भव्य मंदिर में होगी। हर भारतवासी के रोम-रोम में राम बसे है। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव ऐसे मनायेंकि हर घर अयोध्या धाम बन जाये। अपने घरों में दीप जलाकर प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाये।

श्री राजपूत ने बताया इससे पहले सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव से रामशिला यात्रा निकाली गई थी हमारे सुरखी वासियों का प्रेम स्नेह और पूजा प्रभु श्री राम के मंदिर में समर्पित हुई, यह हमारे लिए गर्व की बात है। जल्द ही हम सभी प्रभु श्री राम के दर्शनों के लिए चलेंगे।

अमर बलिदानी वीरांगना आदिवासी वीरबाला शहीद बिन्दु कुमरे

हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) भारत संघ का प्रमुख केन्द्रीय पुलिस बल है। यह सबसे पुराना केन्द्रीय अर्ध्द सैनिक बल (अब केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के रूप में जानते है) में से एक है, जिसे 1939 में क्राऊन रिप्रिजेंटेटिव पुलिस के रूप में गठित किया गया था। क्राऊन रिप्रिजेंटेटिव पुलिस द्वारा भारत की तत्कालीन रियासतों में आंदोलनों व राजनीतिक अशांति तथा साम्राज्यिक नीति के रूप में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में सहायता की। हमारे देश की स्वतंत्रता के बाद 28 दिस बर 1949 को संसद के एक अधिनियम द्वारा इस बल का नाम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल दिया गया था। तत्कालीन गृहमंत्री मा. सरदार वल्लभ भाई पटेल ने नव स्वतंत्र राष्ट्र की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप इस बल के लिए एक बहुआयामी भूमिका की कल्पना की थी। भारत संघ में रियासतों के एकीकरण के दौरान बल ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पाकि स्तानी घुसपैठियों और पाकिस्तानी सेना द्वारा शुरू किए गए हमलों के बाद इस बल को ज मू-कश्मीर की पाकिस्तानी सीमा पर तैनात किया गया था।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की जाँबाज अमर शहीद बिन्दु कुमरे का नाम जिला-सिवनी एवं उसके आसपास के जिलों के युवाओं विशेषकर महिलाओं एवं युवतियों में देश प्रेम की भावना की अलख जगाता है। अमर शहीद बिन्दु कुमरे के बलिदान का स्मरण कर क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति का मस्तक गर्व से ऊंचा उठ जाता है।

88 वीं वाहिनी के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में पदस्थ अमर शहीद बिन्दु कुमरे को ज मू एवं कश्मीर में पाकिस्तानी मुस्लिम आतंकवादियों जैश-ए-मोह मद का सफाया करने हेतु, उनके अद य साहस, वीरता, बहादुरी एवं कुशल योग्यता को दृष्टिगत रखते हुये तैनात किया गया था।

ग्राम जावरकाठी जो कि जनजाति बाहुल्य ग्राम है। इस ग्राम में गणेश उत्सव में गणेश जी व शारदीय नवरात्रि में दुर्गा देवी जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना करने की पुरानी परंपरा है। ग्राम जावरकाठी की रामायण मंडली प्रदेश में प्रसिध्द रही है तथा वर्ष 1956 में भोपाल में इस ग्राम की रामायण मंडली को पुरूष्कातर प्राप्त हुआ था।

देश की प्रथम महिला अमर शहीद वीरांगना बाला बिन्दु कुमरे का जन्म 07 अप्रैल 1970 को सिवनी जिला, बरघाट, मध्यप्रदेश के एक छोटे से ग्राम जावरकाठी बरघाट निवासी प्रतिष्ठित मालगुजार अनुसूचित जनजाति परिवार में हुआ था। माता श्रीमति गिंदिया जी-पिता स्व. श्री शिवनाथ जी (पटेल), दादी स्व.श्रीमति झिकिया जी, ताऊ स्व.श्री पन्नालाल जी, श्री धन्नालाल जी कुमरे (ग्राम-पटेल), ताई स्व.श्रीमति रूपा माय, स्व.श्रीमति सुहागा माय, श्रीमति फूलवती माँ, बडे भाई बैजनाथ, रामेश्वठर, मेनसिंग, श्यामसिंह, सुजानसिंह, बिहारीलाल, शरदसिंह, बड़ी बहन बैजन्ती, जसवन्ती, पदमा, शिवरी, किरण, मंजू, सुधा के स्नेह एवं वात्सल्य में इनका बचपन बीता । इनकी प्राथमिक शिक्षा ग्राम-जावरकाठी, माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा बरघाट में हुई, कुछ वर्षों के लिए विद्या अध्ययन हेतु अपनी बड़ी बहन बैजन्ती-लालसिंह जी के साथ राजनांदगांव में भी रही ।

बाल्यकाल से ही तैरना, निशानेबाजी, साइकिल एवं दो पहिया वाहन चलाने में बड़ी रूचि रखती थी। वे कुशाग्र बुध्दि की धनी थी व बहुत ही साहसी, देश प्रेमी, राष्ट्रवादी व अपनी भारतीय पर परा, संस्कृति, स यता और धर्म का गर्व से कठोरता पूर्वक पालन करने वाली थी। ग्राम-जावरकाठी स्थित कुलदेवी के दर्शन करने के पश्चात ही अपना कार्य प्रारंभ करती थी। चैत्र नवरात्री एवं शारदीय नवरात्री में बाल्यकाल से ही वृत रखती थी, साथ ही बड़े देव की पूजा भी करती थी। वर्ष में दो बार नवा खाने के कार्यक्रम में विशेष रूप से भाग लेती थी। भारतीय स यता, पर परा, संस्कृति पर गर्व करती थी। देश-भक्ति के गीत गुनगुनाया करती थी। किन्ही भी विषम परिस्थितियों में अपने उद्देश्यक से पीछे हटती नहीं थी। अपने उद्देश्यब को पूर्ण करने हेतु बहुत ही जिद्दी थीं, उनमें राष्ट्रवाद का जुनून था। हमारे देश में पाकिस्तानी मुस्लिम आतंकवादियों से बदला लेने सेना में भर्ती होने का संकल्प बचपन से ही ले ली थी। इसलिये अवसर मिलते ही पैरा मिलिट्री फोर्स में भर्ती होने का अद य साहस दिखाया। के.रि.पु. बल में चयन के पश्चात अमर शहीद बिन्दु कुमरे ने आजीवन अविवाहित रहकर देश की रक्षा करने का संकल्प लिया था। वे चाहती तो ग्राम की अन्य बहन-बेटियों की तरह शिक्षक बनकर सामान्य जीवन जीने के रास्ते का चुनाव कर सकती थी किन्तु उनकी आत्मा में बसी राष्ट्रवाद, देशप्रेम की भावना ने व भारतीय भाई-बहनों का पाकिस्तानी मुस्लिम आतंकवादियों द्वारा किये जा रहे नरसंहार की घटनाओं ने उन्हे सी.आर.पी.एफ. में भर्ती होने का साहस एवं प्रेरणा दी। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कुछ पुरूषकर्मी हि मत हारकर सेवा छोड़कर घर वापस आ गये थे लेकिन अमर शहीद बिन्दु कुमरे अपने कर्तव्यों की वेदी पर शहीद होने तक मोर्चे पर डटी रहीं। देश की प्रथम महिला शहीद (सी.आर.पी.एफ.) होने का गौरव अमर शहीद वीरांगना जनजाति बाला बिन्दु कुमरे को प्राप्त हुआ है।

बल सं या 971351827 अमर शहीद बिन्दु कुमरे, वर्ष 1997 में रिजर्व पुलिस बल में सि./जी.डी. पुलिस बल की 88वीं बटालियन में पदस्थ अमर शहीद बिन्दु कुमरे की श्रीनगर एयरपोर्ट पर तैनाती के दौरान दिनांक 16 जनवरी 2001 को लष्कर-ए-तोयेबा के 6 फिदायीन पाकिस्तानी मुस्लिम आत्मघाती आतंकवादी भारतीय सेना की वर्दी में थे इसलिए उन्हें पहचानने में कुछ विल ब हुआ एवं लगभग 2.45 बजे हवाई अड्डे के

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,
वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा

प्रथम प्रवेश मार्ग जो कि टर्मिनल बिल्डिंग से करीब 2 कि.मी. दूर स्थित है के पास पहुचने में आतंकवादी सफल हो गये, जहां अमर शहीद बिन्दु कुमरे सहित वहां पर तैनात सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने पाकिस्तानी मुस्लिम आत्मघाती आतंकवादियों को वहां पर रोका व ललकारा। लश्कर-ए-तोयेबा के 6 आत्मघाती फिदायीन पाकिस्तानी मुस्लिम आतंकवादियों ने अमर शहीद बिन्दु कुमरे सहित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वहां पर तैनात जवानों पर ग्रेनेड से हमला किया। 06 फिदायीन पाकिस्तानी मुस्लिम आत्मघाती आतंकवादियों व अमर शहीद बिन्दु कुमरे सहित के.रि.पु. बल के जवानों के बीच करीब 3 घंटे से भी अधिक समय तक मुठभेड़ चली। अमर शहीद बिन्दु कुमरे ने अपने अद य साहस व वीरता के साथ देश हित में अपनी जान की परवाह किए बिना 6 फिदायीन पाकिस्तानी मुस्लिम आत्मघाती आतंकवादियों से लोहा लिया। जिसमें अमर शहीद बिन्दु कुमरे को 3 गोलियां लगी फिर भी उन्होने 6 फिदायीन पाकिस्तानी मुस्लिम आत्मघाती आतंकवादियों पर अपनी अंतिम सास रहने तक गोलियां चलाना बंद नहीं किया एवं 4 खूंखार आतंकवादियों को वहीं ढ़ेर कर दिया। इस प्रकार हवाई अड्डे पर उपस्थित लोगों की सुरक्षा करने में सफल रहीं और देश की आन-बान-शान के लिए 6 फिदायीन पाकिस्तानी मुस्लिम आत्मघाती आतंकवादियों के विरूध्द वीरता पूर्वक लड़ते हुए खुशी-खुशी शहीद हो गई। इन फिदायीन पाकि स्तानी मुस्लिम आत्मघाती आतंकवादियों को यह संदेश देती गई की इस देश के युवक ही नहीं युवतियां भी अपने देश की रक्षा के लिए पूर्णत: तैयार व तत्पर हैं। अमर शहीद बिन्दु कुमरे को वरता के लिये वर्ष 2002 में पुलिस मेडल से स मानित किया गया। अमर शहीद बिन्दु कुमरे के साहस की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम ही है तथा पैरा मिलिस्ट्री फोर्स के अन्य जवानों, देश व प्रदेश के युवक-युवतियों के लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत बनी रहेगीं।

यूँ तो हमारा देश प्राचीन काल से सोने की चिड़िया रहा है, इसलिये सदैव विदेशी आक्रमणकारियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है। आदिवासी जनजाति समुदायों ने हमेशा घोड़े, बंदूक, तोपों से सुसज्जित विदेशी आक्रमण कारियों एंव विदेशी शासकों की सेना का अपने पर परागत शस्त्रों तीर-कमान, भाले व अपने अद य साहस से उनका मुकाबला कर भारत माता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान देते आये है तथा अपनी सनातन पर परा, संस्कृति स यता एवं धर्म पर आंच भी नही आने दिया तथा भारतीय, स यता, संस्कृति, पर परा व धर्म को और समृध्द करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जनजाति समुदाय प्राचीन भारतीय स यता, संस्कृति व पर परा का संवाहक रहा है।

विशाल गोंडवाना साम्राज्य मण्डला की गोंड महारानी दुर्गावती जी ने भी विदेशी मुस्लिम आक्रमणकारी अकबर की सेना से साहस और वीरता पूर्वक लड़ते हुए अपने स मान, स्वाभिमान व भारतीय पर परा, स यता, संस्कृति, धर्म की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुई। उनका मृत शरीर को भी मुस्लिम आक्रमणकारी हाथ न लगा सके इसके लिये अंतिम समय में स्वयं कटार भोंककर खुद ही देश के लिए बलिदान हुई, व मृत शरीर को आग के सुपुर्द करने का अनुरोध अपने सहयोगियों से किया। गिन्नौरगढ़ भोपाल की गोंड महारानी कमलापति जी ने भी विदेशी मुस्लिम सैनिकों से अपने शरीर को बचाने हेतु भोपाल के ताल में राज्य के स पूर्ण खजाने व महल में उपस्थित महिलाओं के साथ जल समाधि ले ली थी, किन्तु अपनी पर पर परा, स यता, संस्कृति व धर्म की आस्था नहीं किया। ऐसी सर्वोत्कृष्ट पर परा का निर्वाह अनुसूचित जनजाति की महारानियों ने अतीत में भी किया है। वर्तमान में भी भारतीय संविधान में उपासना की स्वतंत्रता का अधिकार प्रत्येक नागरिक को प्राप्त है। इसलिये इस देश के विविध धर्मावलंबियों जहाँ एक ओर अपनी पर परा, स यता, संस्कृति व धर्म की आस्था का पालन करते हैं वहीं दूसरी ओर अन्य धर्मावलंबियों, जातियों व समुदायों की पर परा, स यता, संस्कृति व धर्म का स मान भी करते हैं। इसी गुण के कारण विशाल भारत देश संगठित, मजबूत, शिक्षित भारत, स्वस्थ्य भारत, विकसित भारत, स्वच्छ भारत सुरक्षित भारत, अखण्ड भारत, विश्वगुरू भारत के रूप में विश्वट के समक्ष अपने राष्ट्र की ध्वजा को हमारे देश के मान.प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गर्व से लहरा रहा है।

इसके बावजूद भी कुछ विकृत मानसिकता के असामाजिक तत्वों द्वारा अपने छद्म नाम बताकर तथा धर्म को छिपाकर, जनजाति समुदाय में व्याप्त अशिक्षा, गरीबी, उनकी सरलता व सहजता का दुरूपयोग कर डरा धमकाकर जबरन धर्मांतरण जैसे अशोभनीय व असंवैधानिक कृत्यों में भी लिप्त हैं। इन्ही कारणों से म.प्र. के मा. मु यमंत्री जी को लव जिहाद के विरूध्द भी कानून बनाने हेतु बाध्य होना पड़ा। सभी धर्मावलंबियों व सामाजिक संगठनों का देश हित में यह दायित्व बनता है कि वे जनता में यह जागृति पैदा करें कि सभी अपने-अपने धर्म, संस्कृति व पर परा की हद में रहें तथा अन्य जाति, समुदाय, धर्मावलंबियों विशेषकर जनजातियों का धर्मांतरण व शोषण प्रलोभन देकर जबरन न होने देवें तथ स्वर्वधर्म सद्भाव का परिचय दें।

मेरा आदिवासी जनजाति समुदाय विशेषकर युवक-युवतियों से विनम्र अनुरोध है कि मंडला की गोंड महारानी दुर्गावती जी, गिन्नौरगढ़ भोपाल की गोंड महारानी कमलापति जी एवं अमर शहीद वीरांगना बिन्दु कुमरे जी, टुरिया कुर्रई के वन सत्याग्राही अमर बलिदानी रेनी बाई, बुड़ो बाई, देवो बाई और बिरजू भोई महाराजा शंकरशाह, कुं. रघुनाथ शाह एवं भगवान बिरसा मुण्डा जी एवं अस य जनजाति बलिदानियों के बलिदान से प्रेरणा व शिक्षा ग्रहण कर अपने समुदाय व भारत की पर परा, स यता, संस्कृति व धर्म का पालन और संरक्षण करें। प्रलोभन व जबरन धर्मांतरण से समाज की रक्षा करने हेतु आपसी मतभेद को भूलकर संगठित होकर सकारात्मक संवैधानिक पहल निरन्तर करते रहें तथा शैक्षणिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विकास की ओर अग्रसर रहें और 2047 तक भारत विकसित भारत बनाने के हमारे प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प को पूरा करने में सहयोगी बनें। प्रतिवर्ष दिनांक 16 जनवरी को अमर शहीद बिन्दु कुमरे के बलिदान दिवस के दिन बरघाट, जिला सिवनी में उपस्थित होकर वीरांगना को सच्ची श्रध्दांजली अर्पित करने के लिए समाज के सभी वर्गों के विषेषकर जनजाति समुदाय के स्त्री-पुरूष, युवक-युवतियां, छात्र-छात्राएं भारी सं या में उपस्थित होकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष दिनांक 16 जनवरी 2024 को बरघाट में गौरव दिवस के रूप् में भव्य आयोजन किया जाता है। संपूर्ण जिले से देशभक्त, छात्र-छात्राएँ, युवक-युवतियाँ बड़ी सं या में ग्राम जावरकाठी स्थित समाधि स्थल एवं बरघाट में स्थापित मूर्ति के समक्ष उपस्थित होकर श्रध्दा-सुमन अर्पित करेगें, मैराथन दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नगर परिषद बरघाट कार्यालय के समक्ष आयोजित होगें। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी अपने-अपने स्थान में देशभक्ति के भव्य आयोजन संपन्न किए जाते हैं।

लेखक-
डॉ. श्यामसिंह कुमरे
आई.ए.एस.
पूर्व कले टर, सचिव
म.प्र. शासन
7803010175,
9425600873

स्वच्छता अभियान में शामिल हुए ऊर्जा मंत्री तोमर

श्री राम लला की प्राणप्रतिष्ठा पर शहर को जगमग कर दीपोत्सव मनाने का संकल्प लिया

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के देशव्यापी आव्हान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक तीर्थ स्थल और मंदिर में स्वच्छता अभियान के तहत ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने ग्वालियर किला स्थित हरसिद्धि माँ और हनुमान मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए सभी को स्वच्छता के लिए जागरुक किया।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर रविवार को सुबह कार्यकर्ताओं के साथ ग्वालियर किला स्थित हरसिद्धि माता मंदिर पहुंचे और सफाई अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने हनुमान मंदिर में पोंछा लगाकर सफाई की। रनीपुरा चार ज़हर के नाके पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में पहुंचकर अध्ययनरत छात्रों से एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हुए 22 जनवरी को अपने घर, गली मोहल्लों में रोशनी कर दुल्हन की तरह सजाकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लला की प्रतिमा प्राणप्रतिष्ठा उत्सव मनाने का आग्रह किया।

ऊर्जा मंत्री ने ग्वालियर किले पर स्थित हरसिद्धि माता मंदिर के पीछे अपने साथियों के एक बड़े वृक्ष को उठाकर रख एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों युवाओं से बातचीत कर भगवान राम की तरह अच्छे आचरण के पथ पर चलने की नसीहत दी। ऊर्जा मंत्री ने कांचमील स्थित नवीन पार्क में युवाओं के साथ बैडमिंटन खेला। इसके बाद नवीन पार्क में ओपन जिम बनाये जाने के लिए स्थल निरीक्षण करते हुए खेल विभाग के अधिकारियों को ओपन जिम शीघ्र लगाने के लिए निर्देशित किया।

खेलो बरघाट के समापन में उपस्थित हुए केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते

बरघाट यशो:- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के भव्य आयोजन खेलो बरघाट इंटर स्कूल स्पोर्ट्स इवेंट्स 2023-24 में बरघाट ब्लॉक के लगभग 30 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खेल गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में कबड्डी, खो-खो, सेवन स्टोन, रेस, थ्रो बॉल, शतरंज, बैडमिंटन आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। समापन के अवसर पर मंच पर अतिथियों के द्वारा सभी जीते हुए विद्यार्थियों को शील्ड/मेडल/सर्टिफिकेट दिए गए। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी, आलोक दुबे जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सिवनी, बेनिय विधायक कमल मर्सकोले, जिला महामंत्री अजय डागोरिया, जयदीप चौहान, गजानंद पंचेश्वर, मीना बिसेन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती इमरता साहू, नगर परिषद् अध्यक्ष, विवेक बिसेन मंडल अध्यक्ष बरघाट भाजपा, गौरव बिसेन, गगेरूआ मंडल अध्यक्ष, विजय राहगडाले, धारना मंडल अध्यक्ष, पीयूष दुबे भाजपा, संजय बरैया तहसीलदार, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया, नगर के गणमान्य नागरिकों, बरघाट ब्लॉक के सभी विद्यालयों से प्राचार्य या उनके प्रतिनिधियों, खेल अधिकारियों एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के पूजन से आरंभ हुई। समापन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने बच्चों एवं बरघाट नगर में ऐसा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जिसमें न केवल एक अपितु पूरे ब्लॉक के विद्यालयों को शामिल किया गया इस पहल की सराहना करते हुए ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की, कुलस्ते जी ने कहा कि ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन जिस तरह के आयोजन करता है वह अपने आप में वृहत होते है, अतः संस्था संपूर्ण समाज हित में जो कार्य कर रही है उनके अगले कार्यक्रमों में शामिल होने हेतु आश्वस्त किया।

ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के मैनेजिंग डायरे टर नरेश सिंह राजपूत ने कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुकुल परिवार, नगर परिषद् प्रशासन, खेल अधिकारियों, सहयोगियों एवं गणमान्य नागरिकों का समय योगदान प्राप्त हुआ। बच्चे एवं पालकों ने इस पंच दिवसीय खेल महोत्सव का आनंद लिया। समस्त पालकों एवं नागरिकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चे एवं सभी के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

डकैती की योजना बनाते 5 आरोपी हथियार सहित पुलिस गिर तार में

छापरा यशो:- पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा माफियाओं व आपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है जिसको लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी, एसडीओपी लखनवीन के निर्देशन में नागरिकों की सूचना पर छापरा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सिंचाई कालोनी स्थित मैदान में सीतापत मंडी पुराने खंडहर मकान में दबिश देकर सीएम राईज स्कूल में कीमती सामान नहीं मिलने से डकैती की योजना बनाते हुए शेख वकील उर्फ वकालत पिता शेख मकबूल उम्र 26 साल निवासी संजय कालोनी छापरा थाना छापरा,शेख नासिब उर्फ नसीम पिता शेख मकबूल मुसलमान उम्र 24 साल निवासी संजय कालोनी छापरा,साहिल उर्फ राजिक पिता शेख सगीर मुसलमान उम्र 18 साल निवासी नन्दु आटा चक्की के पास डुंगरिया वार्ड, सत्यम गौतम पिता पंजीलाल गौतम जाति कतिया उम्र 18 वर्ष निवासी शनि मंदिर के पीछे संजय कालोनी छापरा, राहुल उर्फ नितिन डेहरिया पिता फूलसिंह डेहरिया उम्र 19 वर्ष निवासी वेयरहाऊस के पास संजय कालोनी को पकड़कर उनके कब्जे से लौहे की धारदार कला, चाकू एवं लौहे की राड जप्त कर आरोपियों को गिर तार न्यायालय पेश किया गया आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को गिर तार करने मे निरीक्ष सौरभ पटेल, उप निरीक्ष एस एल उईके, निंयाज खान, कुलस्ते, जयसिंह बघेल, जेयेन्द्र बघेल, दशरूप्रसाद बघेल, देवीसिंह रघुवंशी, आरक्ष रामनरेश कैथवास, राकेश सोनवाने की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

केंद्रीय विद्यालय सिवनी में हुआ राष्ट्रीय युवा दिवस का भव्य आयोजन

सिवनी यशो:- स्वामी विवेकानन्द जी की 161वीं जयंती के अवसर पर आज दिनांक 12 जनवरी, शुक्रवार के दिन केंद्रीय विद्यालय सिवनी में राष्ट्रीय युवा दिवस का महोत्सव के रूप में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रार्थना सभा में बच्चों ने युवा जोश को जगाते हुए ◦इतनी शक्ति हमें देना दाता◦ गीत को गाते हुए स्वामी विवेकानंद जी को याद किया। तत्पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा विवेकानंद जी के जीवन पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम जैसे; सूर्य नमस्कार (योगा), कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत किये गये। बच्चों तथा उनके अभिभावकों ने भी इस आयोजन का लाभ उठाया। विद्यालय के प्राचार्य श्री दीपक कुमार साहू ने विद्यार्थी जीवन में विवेकानंद जी से जुड़े संस्करों के महत्व तथा हिंदी शिक्षक श्री हरदेव निर्मौतिया ने विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समय एवं भारतीय संस्कृति के महत्व को बताया। कार्यक्रम के दौरान श्री ताम सिंह राहांगडाले, श्रीमती लीना पद्रे, श्री आर एस तिवारी, श्री रामकुमार सूर्यवंशी, श्रीमती प्रमुद गठेरिया, श्री नवीन बोरकर तथा समस्त शिक्षक- शिक्षिका मौजूद थे। इस कार्यक्रम में शामिल बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत भी किया गया।

श्री महावीर व्यायाम शाला द्वारा राम भक्तों का किया स्वागत सत्कार

सिवनी यशो:- सिवनी के श्री महावीर व्यायाम शाला सुभाष वार्ड में अमरावती महाराष्ट्र से पधारे राम भक्तों का स्वागत किया गया एवं उनका अतिथि सत्कार किया गया राकेश मालवीय प्रचार प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनाँक 9 जनवरी 23 से अमरावती महाराष्ट्र से साइकिल चला कर कुल श्यामी अयोध्या धाम जाने के लिए। निकले जिनमे सर्वश्री मेजर राजेन्द्र सिंह बघेल,प्रदीप बाबू राव बढ़रे,हर्ष पाली,राजीव चौधरी, ठाकुर सूरज सिंह परिहार, दीपक पाली,दीपक दुबे , नरेश दुबे शामिल हैं ,11 तारीख को इन यात्रियों का अमरावती पांडुर्ना जाम सावरी,सौसर,छिंदवाड़ा होते हुए सिवनी आगमन हुआ, इन यात्रियों को श्री महावीर व्यायाम शाला सुभाष वार्ड सिवनी के स्वयंसेवक व पदाधिकारी यों द्वारा नगर सीमा में अभिनंदन किया गया , नगर अमरावती से पधारे इन रामभक्तों का संस्था प्रांगण में संस्था परिवार की ओर से संस्था पदाधिकारियों द्वारा शाल श्रीफल व फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया इस अवसर पर मु य रूप से संस्था अध्यक्ष प्रसन्नचंद माल ,सचिव हीरा लाल सोनी ,संरक्षक रामायणसनोडिया,वरिष्ठ स्वयंसेवक छिददी लाल श्रीवास, चंचल दास आहूजा,संचालक धीरज पाल, उपसंचालक अंकित मिश्रा, सोहनलाल सेन,सौरभ सोनी, जिम प्रभारी अभिषेक सोनी, उमेश ठाकरे, जि नाष्टिक प्रभारी आकाश सोनी,मयंक सोनी, बुशु से दक्ष कुमार , आशीष अन्यउपस्थित अन्य स्वयं सेवकों में विनय शराफ, नंदकिशोर चौरासिया ,राजेश पाल, आयुष, राकेश नाविक, विनायक शर्मा , आशीष पाटिल पत्रकार राकेश मालवीय और सभी विधाओं के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष श्री मालू द्वारा अमरावती से पधारे रामभक्तों को संस्था से अवगत कराते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की गई, सचिव हीरा लाल सोनी ने राम से बड़ा राम का नाम की व्य या करते हुए राम नाम के सहारे अयोध्या तक यात्रा को समझाया ,वरिष्ठ स्वयंसेवक छिददलाल श्रीवास ने साइकल यात्रियों के हौसले को कविता के माध्यम से बधाई प्रेषित की उपसंचालक अंकित मिश्रा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम का संचालन संस्था संचालक धीरज पाल द्वारा किया गया। यात्रीयों के भोजन पश्चात रात्रि विश्राम की व्यवस्था संस्था प्रांगण में ही की गई ,यात्रियों के ओढ़ने बिछाने की व्यवस्था श्री ओम सोलंकी द्वारा की गई थी, रात्रि विश्राम पश्चात आज सुबह श्री माता राजेश्वरी मंदिर दुर्गा चौक समिति द्वारा साइकिल यात्रीयों का स्वागत किया गया, मंदिर के पंडित जी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ माता रानी से इन यात्रियों के लिए नारियल व माता की चुनरी भेंट कर मंगलमय यात्रा हेतु प्रार्थना कर सिवनी नगर से विदाई दी गई।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने ग्वालियर में सुनी आमजन की समस्यायें

भोपाल। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने ग्वालियर में रेसकोर्स रोड स्थित स्थानीय कार्यालय में आमजन की समस्यायें सुनीं। उन्होंने समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सागरताल क्षेत्र के निवासी एक वृद्ध महिला को राशन दिलाया। साथ ही तकनीकी कारणों से रूकी हुई उनकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन निकलवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बारी-बारी से सभी की समस्याएँ सुनीं। उन्होंने मोबाइल फोन से संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और कहा कि समस्याओं के निराकरण में कदापि देरी नहीं हो। ऊर्जा मंत्री के पास आमजन संबंधित शिकायतें के निराकरण के लिए पहुँचे थे।

सागरताल निवासी वृद्ध माताजी अपनी समस्या लेकर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के पास पहुंची और अपनी समस्या बताते हुए कहा कि मुझे राशन नहीं मिल रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया और वृद्ध माताजी को शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन दिलवाया। साथ ही उसकी पेंशन खाते में तकनीकी कारण से रूकी हुई थी उसको भी चालू कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही हथियापौर मोहल्ला निवासी श्रीमती सलमा बेगम ने अपने बच्चे को ब्लड कैंसर बताया और बीपीएल कार्ड बनाने का अनुरोध किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल मदद करने के लिए कहा।

माता सीता ने दिया सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद

महिला संगठन द्वारा सुहाग सिंदूर कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता रखी

लखनादौन यशो:- हमेशा अपने सामाजिक कार्यक्रम के जरिये चर्चा मे रहने वाले महिला संगठन द्वारा एक बार फिर कुछ ऐसा ही एक कार्यक्रम का आयोजन किया। अयोध्या मे बन रहे राममंदिर से जहाँ सारा देश खुशी से झूम रहा है वही विभिन्न समाजसेवी संस्थायें अपने अपने तरीके से विभिन्न आयोजन कर रही हैं। ऐसे समय मे नगर के महिला संगठन ने भी कुछ अभिनव करने की चाह भी एक कार्यक्रम रखा।यह कार्यक्रम हल्दी कुमकुम का था, जिसमे भगवान राम का वर्षो की तपस्या के बाद आगमन, उनका विवाह, भक्ति मे सराबोर नगर वासी, झोपडी के भाग आज जाग जायेंगे, गाती बहने, नाचते गाते भगवान की अगवानी, सुहाग सिंदूर कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता रखी गयी थी।

माता सीता ने दिया सुहाग ---सभी बहनो की खुशी का ठिकाना नही रहा जब उन्हे माता सीता ने एक एक कर बारी बारी से सिन्दूर लगाकर ल वे सुहाग का आशीर्वाद दिया।साथ ही सुहाग के प्रतिक रूपी सिंगार सामग्री भेंट की, अंजू यादव सीता के रूप मे बहुत सुन्दर लग रही थी। राम आगमन और स्थापना--जहाँ 22 जनवरी को अयोध्या मे मंदिर मे भगवान राम की स्थापना हो रही है।संगठन की बहनो ने पुष्पवर्षा के साथ ,भजन झोपडी के भाग आज जाग जायेंगे राम आयेंगे,गाकर भगवान राम का स्वागत किया। सरिता गुप्ता और सीमा गोल्हानी ने भजन से शँमा बाँधा।

मराठी वेशभूषा प्रतियोगिता--संगठन हर वर्ष यह प्रतियोगिता करवाता है।जिसमे सीनियर वर्ग मे सरिता गोस्वामी प्रथम रही, रश्मा गोल्हानी द्वितीय रही।जूनियर वर्ग मे शिवाली तिवारी प्रथम, शिखा विश्वकर्मा द्वितीय रही।चंन्द्रलेखा, दुर्गेश, आशा, मनोरमा, अंकिता, शिखा, मंजू आदि द्वारा सभी प्रतियोगियों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा।

मराठी नृत्य प्रतियोगिता--इस प्रतियोगिता मे ममता लोखडे प्रथम रही।इन्होने अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया।सभी बहनो ने भी एक से बढकर एक मराठी नृत्य की प्रस्तुती दी।

सफल मंच संचालन कल्पना राणा, मधु जैन, अर्चना निगम ने किया। जज की भूमिका रजनी अग्रवाल, वसुन्धरा गोल्हानी, सृष्टी त्रिवहरे ने निभाई।संगठन संचालक अर्चना तिवारी ने बताया की हल्दी कुमकुम का यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष सुहागन बहनो के महत्वपूर्ण त्यौहार के रूप मे संस्था द्वारा मनाया जाता है।इस वर्ष अयोध्या मे भगवान राम की मूर्ती स्थापना और मंदिर निर्माण के कारण संगठन ने इसे विशेष इवेन्ट के रूप मे प्रस्तुत किया है।

धरातल पर दम तोड़ रही पीएम आवास योजना, नगर पालिका के चक्कर लगाने को मजबूर हुए हितग्राही

कर्मचारी कर रहे मनमानी, हितग्राहियों को बताते है नियम और मापदंड

सिवनी यशो:- प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से गरीब जनता को पक्का आवास उपलब्ध करना था। शासन द्वारा गरीबों के हित में बनाई गई इस योजना के क्रियान्वयन में निचले स्तर के अधिकारी और कर्मचारियों की वजह से योजना धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है। यूं तो शासकीय अधिकारी इस योजना को लेकर बड़े बड़े दावे करते नजर आ रहे हैं, पर वास्तव में इस योजना में कई गरीबों को आधे अधूरे मकानों में रहने को मजबूर कर दिया है।

हितग्राही हो रहे परेशान

आवास योजना के अंतर्गत प्रथम एवं दूसरी किस्त का भुगतान किया गया है। लेकिन तीसरी किस्त का भुगतान नही किया गया है। धरातल पर देखने को मिला है कि जिन हितग्राहियों को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया था, उन हितग्राहियों में अपने कच्चे मकान तोड़ कर प्रथम किस्त की राशि से कुछ निर्माण कर अब दूसरी एवं तीसरी किस्त की आस में नगर पालिका कार्यालय के चक्कर महीनों से लगा रहे हैं।

कई उपभोक्ता ने सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत की तो नगर पालिकाकर्मियों ने उन उपभोक्ताओं को झूठे आश्वासन देकर शिकायत वापस करवा दी। ऐसे में उपभोक्ता अब भी आवास योजना में अपना बारी आने का इंतजार कर रहे है।

कर्मचारी कररहे मनमानी, बेलगाम हुए सीएमओ

नगर पालिका में इन दिनों केवल मनमानी चल रही है जिससे शहर के वार्डवासी एवं आमजन परेशान होते रहते है। इस ओर सीएमओ का ध्यान नही जा रहा है। जिससे परेशान होकर वार्डवासी ने जिला कले टर को लिखित शिकायत दी हैं।

शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि पीएम आवास योजनान्र्तगत हितग्राही को नगर पालिका के कर्मचारी शुभम सोनी, संजय अहिरवार नियम एवं मापदंड का हवाला दे रहे है जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि मकान पूर्ण हो गया है किंतु अभी तक तीसरी किश्त नही डाली गई।

नपा अध्यक्ष है बने अंजान

वर्षो बाद नगर पालिका सिवनी में कांग्रेसी नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान निर्वाचित हुए है लेकिन अध्यक्ष का पहला कर्तव्य यह है कि न जनमानस की समस्याओं को शीघ्र निराकरण करें किंतु हितग्राही द्वारा बताया गया कि अध्यक्ष ही नगर पालिका में नही रहते है तो समस्या किसके पास लेकर जायेगें। और यदि समस्या लेकर जाते भी है तो शिकायत का निराकरण नही हो पाता।

पर्यटन को बढ़वा देकर पवित्र तीर्थ तप स्थलों को भोग स्थल मत बनाओ - स्वामी निश्चलानंद जी सरस्वती

तीर्थ संरक्षण हेतु किए गए आंदोलन के लिए जैन मुनियों के त्याग एवंजैन समाज के पुरूषार्थ की सराहना की शंकराचार्य जी ने

सिवनी यशो:- सरकार जिन पवित्र धार्मिक तीर्थ तपस्थलियो को अपवित्र पर्यटन बनाने का कुत्सित प्रयास कर रही है वह सर्वथा निंदनीय एवं गलत दोष पूर्ण नीति है। धर्म स्थलों को पिकनिक* *स्पॉट ना बनाए

पर्यटन स्थल निर्मित होने से होटलों की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। शाकाहार वाले पवित्र क्षेत्र में मांसाहार का प्रचलन बढ़ जाएगा । यातायात को बढ़ावा मिलेगा तीर्थ स्थल पिकनिक स्पॉट बनना प्रारंभ हो जायेंगे। तीर्थों पर अनैतिक अवैध कार्य प्रारंभ हो जायेंगे।



सनातियो जागो: तीर्थ सुरक्षित नहीं तो धर्म संस्कृति नष्ट हो जाएगी

सनातियों जागना होगा इन तप स्थली तीर्थों को भोग स्थलियो में परिवर्तित होने से अन्यथा पछताना होगा ` योंकि तीर्थ सुरक्षित नहीं होंगे तो मूल धर्म की पावन संस्कृति ही नष्ट हो जाएगी। उक्त उद्गार एक बड़ी चिंता के रूप में व्यक्त करते हुए पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी ने कहा

जैन समाज एवं मुनियों का तीर्थ स्थलों के प्रति संरक्षण एवं जागृति का भाव प्रशंसनीय

जैनियों की तीर्थ संरक्षण के पुरूषार्थ का अनुकरणीय उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व जैन समाज के झारखंड स्थित पवित्र पारसनाथ पर्वत समन्वित तीर्थराज स मेद शिखर को पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने के प्रस्ताव के विरूद्ध जैन समाज के विरोध एवं जैन मुनियों के इस प्रस्ताव के विरूद्ध आमरण अनशन के दौरान हुई साक्षेखना पूर्वक समाधी मरण एक आदर्श प्ररूपण है इस प्रकार त्याग बलिदाज एवं जाग्रति से ही तीर्थ मूल स्वरूप में संरक्षित होंगे। शंकराचार्य जी ने कहा कि जैन समाज के इस तीर्थ बचाओ, धर्म बचाओ आंदोलन में अंतत:सरकार को वह गलत प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। जैन समाज की इस धर्म एवं तीर्थ संरक्षण की मुहिम मे हुए मुनियों के बलिदानों से सनातन हिंदू संस्कृति को भी सबक लेते हुए अपने तीर्थ व तप स्थलों की पवित्रता बनाए रखने का पुरूषार्थ निरंतर करते रहना चाहिए ` योंकि तीर्थ सुरक्षित रहेंगे तो धर्म एवं संत सुरक्षित रह सकेंगे।

परिचय के गवाक्ष में शंकराचार्य

पुरी पीठ के वर्तमान 145 वें श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज भारत के एक ऐसे संत हैं जिनसे आधुनिक युग मे विश्व के सर्वोच्च वैधानिक संगठनों संयुक्त राष्ट्र संघ और विश्व बैंक तक सलाह ले चुके हैं।

महाकौशल केंद्र सिवनी में संभाग समीक्षा बैठक संपन्न

सिवनी यशो:- दिनांक 13/ 01 /2024 दिन शनिवार को एकल अभियान संभाग महाकौशल केंद्र सिवनी में संभाग समीक्षा बैठक संपन्न हुई । जिसमें स मानीय संभाग अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल जी के नेतृत्व में यह बैठक संपन्न हुई जिसमें संभाग समिति से संभाग संरक्षक श्रीमान मोहन दिवेदी जी संभाग महिला समिति श्रीमती आभा तिवारी जी समस्त संभाग प्रमुख बिरेंद्र बेदरे संभाग कार्यालय प्रमुख, रामकिशोर हिरवाने संभाग ग्राम स्वराज प्रमुख,मनोहर नेदहा संभाग संवाद साहित्य,अरविंद मरावी संभाग आरोग्य प्रमुख, अजय शरण संभाग व्यास, शांति पटेल संभाग महिला प्रमुख, मंजू उइके संभाग प्रशिक्षण प्रमुख एवं सतपुड़ा भाग शारदा भाग से प्रेमलाल अहिंवार भाग प्रमुख,रामकृष्ण यादव हरिकाथा कार्यालय प्रमुख,रेवांचल भाग से भाग अभियान प्रमुख संतोष यादव भाग कार्यालय सुमेरी यादव, हरिकथा कार्यालय प्रमुख राकेश यादव उपस्थित रहे।

दिसंबर माह की समीक्षा बैठक में विषय

संकल्प पत्रक ग्राम स्तर में जो एक ल अभियान द्वारा एक ल विद्यालय शुरू किया जाता है तो आचार्य को सबसे पहले संकल्प पत्रक भरने की पूर्ण जि मेदारी एवं निगरानी के लिए अभियान प्रमुख को दिया गया एवं बिना संकल्प पत्र का कोई भी आचार्य चयन नहीं किया जाएगा।

ग्राम सर्वेक्षण पत्रक ग्राम सर्वेक्षण पत्रक ग्राम स्तर से भरकर आना है जिसको संच स्तर के कार्यकर्ता अपने संच में ग्राम सर्वे का कार्य नहीं करेंगे दूसरे संच बदलकर संच प्रमुख को इस कार्य को पूर्ण करने की जि मेदारी समस्त अंचल टोली एवं मु य जि मेदारी अभियान प्रमुख को दी जो 26 जनवरी तक कार्य को पूर्ण करना है एवं 31 तारीख तक सभी कार्यालय प्रमुख इस ग्राम सर्वे को स्कूर में अपलोड करेंगे।

रिओपन स्कूल के आचार्य का वर्ग का नियोजन भी किया गया।

समिति ग्राम स्तर की समिति को जल्द से जल्द सक्रिय कर वार्षिक उत्सव की तैयारी के लिए नियोजन करना ग्राम स्तर एवं अंचल स्तर फिर भाग स्तर में कार्यक्रम होना है। कार्यालय प्रमुख संभाग कार्यालय प्रमुख भाग कार्यालय प्रमुख अंचल कार्यालय प्रमुख को विशेष जि मेदारी के साथ दिया गया कि कोई भी कार्यक्रम या बैठक हो सभी समिति को समय पर सूचना एवं आयोजन नियोजन का ध्यान दिलाने का काम कार्यालय प्रमुख का रहेगा।

स्मृति लॉन सिवनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

सिवनी यशो:- स्थानीय स्मृति लॉन सिवनी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ टर सौरभ सिरगुपे डॉ टर समीक्षा दुबे कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ टर संयोग से मु य ग्लास कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ टर चैतन्य देशमुख ब्यूरो सर्जन डॉ टर अमय बिड़कर डॉ टर हेमंत छाजेड़कर जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जन एलोरा रिऐ टर सर्जरी विशेषज्ञ डॉ टर मोहित जुनेजा न्यूरोसर्जन डॉ टर निशिका जुनेजा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ टर स्नेहा जुनेजा सहित 10 लोगों के स्टाफ ने इस अवसर पर मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

इस शिविर का आयोजन चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं डॉ. यूसी मालू वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित किया गया शिविर के आयोजक संजय सुनील मालू ने बताया कि इस शिविर में पाइल्स हर्निया कैंसर हड्डी मस्तिष्क व रेड रोग बंद ट्यूमर स्लिप डिस्क जन्मजात विकृति दंत रोग स्त्री रोग आदि की जांच व परामर्श के माध्यम से लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक के कर कमल से हुआ इस कार्यक्रम में इंद्रेश शर्मा का विशेष योगदान रहा शिविर में बीएमडी मशीन द्वारा हड्डी की गुणवत्ता को लेकर जांच की गई।

भरिया जनजाति ने प्रधानमंत्री जन मन मिशन मे शामिल करने के लिए समाजिक लोगो ने सौपा ज्ञापन

नगरीय क्षेत्र मे निवास करने वाले भरिया जनजाति के लोगो को सर्वे मे शामिल करने की मांग

छपारा यशो:- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पीएम जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत पीएम जनमन योजना की शुरु आत की गई। इस योजना के तहत सरकार आदिवासी समूह और जनजातीय तक पहुंचेगी जिनमें से अधिकांश लोग अब तक जंगल में रहते हैं ऐसे में इन लोगों के लिए रहने सहने और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के उत्थान के उद्देश्य योजना प्रारंभ की गई है।

ज्ञापन मे उल्लेख किया गया कि सिवनी जिले में भरिया समुदाय के नागरिकों को तो प्रधानमंत्री जन मन मिशन के शामिल कर लिया गया है। परन्तु नगर परिषद क्षेत्र में रहने वाले भरिया समुदाय के लोगों को उक्त योजना में शामिल नही किया गया है। जबकि अभी शासन की योजना प्रधानमंत्री जन मन मिशन का सर्वे चल रहा है । अतः नगर परिषद क्षेत्र के भारिया अनु जन जाति समाज के लोगों को भी उक्त योजना में शामिल किया जावे । चूंकि नगर परिषद में रह रहे नागरिकों के लिए शासन से भी तक कोई आदेश नही आया है। केवल ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे नागरिकों का ही सर्वे कराया जा रहा है। यदि नगर परिषद क्षेत्र में रह रहे नागरिकों का सर्वे नही कराया जाता है तो वे शासन की उक्त योजना का लाभ लेने से वंचित हो जावेंगें । जबकि वे भी भारिया अन, जन जाति के अर्न्तगत आते है । ऐसी स्थिति में नगर परिषद क्षेत्र में रह रहे नागरिकों को वंचित होना पडे, उन्होंने शासन से मांग कि है कि उपरोक्त परिस्थितियो को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के साथ शीघ्र ही नगर परिषद क्षेत्र के नागरिकों को भी सक्त योजना में शामिल किया जाये, आवेदन देते समय कृष्णकांत टकरिया, निर्मला ठाकरिया, अभिषेक, शंकर लाल, टेकचंद भारती व अन्य लोग उपस्थित रहे.

आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे पीएम जनमन के बैगा लाभार्थियों से संवाद

मंडला यशो:- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी 2024 को प धानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लाभार्थियो से वर्चुअली संवाद करेंगे। जिला स्तर का यह कार्यक्रम एकलव्य कन्या आवासीय विद्यालय सेमरखापा के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएम जनमन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे।

कले टर ने किया मतदाता सूची के पुनरीक्षण शिविर का निरीक्षण

मंडला यशो:- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में नैनपुर विकासखंड के ग्राम भड़िया टोला में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम काटने तथा संशोधन किए जाने के संबंध में की गई कार्यवाहियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

कले टर डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए प्रत्येक घर तक संपर्क करें। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में अंकित करें। जो लोग स्थाई रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं या मृत हो चुके हैं उनका नाम काटने की कार्यवाही करें। साथ ही आवश्यकतानुसार संशोधन की कार्यवाही सुनिश्चित करें। मतदान केन्द्र में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कले टर ने उन्हें मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्हें नैतिक मतदान का महत्व भी बतलाया। इस दौरान एसडीएम नैनपुर जेपी यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ऋषभ जैन को घुघरी, सोनल सिडाम को मंडला एसडीएम का प्रभार

मंडला यशो:- प्रशासनिक दृष्टि से शासकीय कार्य को सुचारू रूप से संपादित कराए जाने हेतु कले टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा संयुक्त कले टर ऋषभ जैन को आगामी आदेश पर्यन्त अनुविभागीय अधिकारी घुघरी तथा डिप्टी कले टर सोनल सिडाम को अनुविभागीय अधिकारी मंडला का प्रभार सौंपा गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में गांव, घर तक पहुंच रही सरकार - संपतिया उइके

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिलाई गई शपथ

मंडला यशो:- विकसित भारत संकल्प यात्रा 13 जनवरी 2024 को बिछिया विकासखंड के अहमदपुर एवं मानिकपुर माल, घुघरी में गरैयापांड एवं खोड़ाखुदरा, मवई में पौड़ीबहरमुंड एवं परवार, नैनपुर में खोहरी एवं सालीवाड़ा माल, नारायणगंज में सिंगौधा एवं पाठा, निवास में भीखमपुर एवं गुंदलई तथा मंडला में रवारा एवं टरका पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

मध्यप्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने रवारा तथा टरका में आयोजित कार्यक्रमों

में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आमजन के जीवन को आसान एवं समृद्ध बनाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद है। शिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार हर गांव, हर घर तक पहुंचकर लोगों को योजनाओं से आच्छादित कर रही है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी से सहभागिता का आव्हान किया।

कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए। मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदन की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पीएचई मंत्री ने किया रपटाघाट का निरीक्षण

मंडला यशो:- मध्यप्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने जिला मु यालय के रपटा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने रपटा घाट के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार तथा लाईट आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रपटाघाट में आने वाले श्रद्धालुओं की सं या को ध्यान में रखते हुए टीनशेड में सुधार कार्य कराएं। कपड़ा बदलने के लिए पर्याप्त मात्रा में चेंजिंग रूम की व्यवस्था करें। उन्होंने रपटा घाट में प्रस्तावित निर्माण तथा मर मत के कार्यों के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नर्मदा घाटों में रखें सुरक्षा के पु ता इंतजाम - डॉ. सिडाना

मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर कले टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

मंडला यशो:- मकर संक्रांति पर्व की व्यवस्थाओं के संबंध में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने महाराजपुर संगम, रपटा सहित अन्य घाटों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि घाटों में सुरक्षा के पु ता इंतजाम रखें। श्रद्धालुओं को गहरे पानी तक न जाने दें। आवश्यकतानुसार बेरीकेटिंग एवं रस्सी लगाएं।

निरीक्षण के दौरान कले टर ने निर्देशित किया कि घाटों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। सीढ़ियों पर जमा मिट्टी हटाएं। नावों पर क्षमता से अधिक सवारी न बैठने दें। प्रत्येक नाव पर सुरक्षा जेकेट की उपलब्धता सुनिश्चित करें। होमगार्ड के जवान मोटरबोट के माध्यम से लगातार सभी घाटों में नजर रखें। उन्होंने तैराक तथा गोताखोरों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि मेला स्थल पर टेंट, लाईट, अलाव, पेयजल, साउंड सिस्टम, अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था करें। राजस्व, पुलिस, होमगार्ड एवं नगरपालिका सहित अन्य विभागों से नियुक्त अधिकारी सौंपी गई जि मेदारियों का गंभीरतापूर्वक पालन करें। कले टर ने नर्मदा नदी के किनारे बसे ग्रामों के घाटों में भी सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कू मट, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, मु य नगरपालिका अधिकारी गजानन्द नाफड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कले टर ने बैगाओं को दी प्रधानमंत्री जनमन अभियान की जानकारी संचालित गतिविधियों के संबंध में लिया फीडबैक

मंडला यशो:- नैनपुर विकासखंड के ग्राम भटियाटोला के भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ग्राम की बैगा समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान की जानकारी देते हुए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर प्रदाय किए जाने वाले लाभों से अवगत कराया। कले टर ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के सभी 410 बैगा ग्रामों में सर्वे कर वंचित हितग्राहियों की सूची तैयार की गई है जिसके आधार पर 9 मंत्रालयों से संबंधित 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केन्द्रित भारत सरकार की योजनाओं से

लाभान्वित किया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में प्रत्येक बैगा को 15 जनवरी तक आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान पंजीयन, पात्रता पर्ची, बैंक खाता, किसान स मान निधि, उज्ज्वला गैस कने शन एवं वन अधिकार पट्टा आदि से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह प धानमंत्री आवास, स्वच्छ पेयजल, हर गांव तक सड़क, हर घर तक बिजली, शिक्षा के लिए होस्टल, कौशल विकास, मोबाईल मेडीकल यूनिट, पोषण, उन्नत आजीविका, मोबाईल नेटवर्क, टीबी उन्मूलन, सुकन्या समृद्धि एवं मातृ वंदना योजना आदि से लाभान्वित किया जाएगा। डॉ. सिडाना ने बताया कि पीएम जनमन अभियान के तहत शतप्रतिशत बैगाओं के सिकलसेल एनीमिया की जांच की जाएगी। उन्होंने अभियान के तहत अब तक की गई गतिविधियों के संबंध में उपस्थित बैगाओं से फीडबैक भी प्राप्त किया तथा अधोसंरचना विकास से संबंधित कार्यों के संबंध में भी जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम नैनपुर जेपी यादव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

मंडला यशो:- मध्यप्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री स पतिया उइके ने शनिवार को मंडला जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सीएमएचओ डॉ. केसी सरीते सहित संबंधित मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑपरेशन थियेटर, डायलिसिस रूम, नवजात शिशु गहन चिकित्सा केन्द्र, मेटरनिटी एवं आईसीयू वार्ड तथा ब्लडबैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बात करते हुए उनकी कुशलक्षेम पूछी।

जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि सभी

चिकित्सक अपनी क्षमता का बेहतर उपयोग करते हुए मरीजों को अच्छा उपचार प्रदान करें। मरीजों से व्यवहार अच्छा रखें तथा उपलब्ध सुविधाएं समय पर प्रदान करें। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, मरीजों को दिए जाने वाले भोजन आदि के संबंध में भी उपचारत मरीजों से फीडबैक लिया। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बीते 6 माह में जिला चिकित्सालय में किए गए मर मत कार्य, डायलेसिस सहित मशीनों की उपलब्धता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

समय पर पूरा करें क्रिटिकल केयर यूनिट का कार्य

जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण को उचित गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कले टर डॉ सिडाना ने बताया कि क्रिटिकल केयर यूनिट में कुल ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू वार्ड तथा लैब आदि भी बनाए जा रहे हैं। केबीनेट मंत्री संपतिया उइके ने मेटरनिटी वार्ड तथा ब्लड बैंक में किए गए रेनोवेशन कार्य की सराहना की।

पीएम जनमन अभियान के तहत 3 स्थानों पर लगे शिविर

मंडला यशो:- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़पन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आज घुघरी के इमलीटोला, मवई के सोढ़ा तथा मोहगांव के खीसी ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविर में बैगाओं के आधार कार्ड, आयुष्मान पंजीयन, उज्ज्वला गैस कने शन, किसान स मान निधि, जाति प्रमाण पत्र तथा बैगा को पात्रता पर्ची प्रदान करने संबंधी कार्यवाही की गई। शिविरों के दौरान सिकलसेल एनीमिया की जांच की गई तथा दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं के लिए हितग्राहियों का चयन किया गया। शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार आज घुघरी के परसवाह, मवई के हरांटोला तथा मोहगांव के चाबी ग्राम में शिविर लगाए जाएंगे।

मु यमंत्री ने भोपाल में कुत्ते के काटने से बच्चे की मृत्यु की घटना पर दुःख व्यक्त किया

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में एक बच्चे की स्ट्रीट डॉग (कुत्ते) के काटने से मृत्यु होने की घटना पर गहन दुःख व्यक्त किया है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मासूम बच्चे की कुत्ते के काटने से मृत्यु होने का समाचार हृदय विदारक है।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन को बच्चे के परिजनों को चार लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जाए। यह बहुत बड़ी बात है कि किसी बच्चे को मोहल्ले के कुत्ते काट ले और बच्चे की मृत्यु हो जाए। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी है कि इस संबंध में लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किए जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए समुचित उपाय किए जा सकें।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें –https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स लीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैंगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297